Need to investigate the issue of bogus GST notices in Ratnagiri - Sindhudurg Parliamentary Constituency-Laid

श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग): मेरे संसदीय क्षेत्र रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग में कर प्रणाली में भ्रम को कम करने की सरकार के प्रयासों को कथित रूप से कमजोर करने का काम किया जा रहा है। राज्य सरकार के वस्तु एवं सेवा कर कार्यालय के अधिकारियों के डिजिटल हस्ताक्षरों की नकल करके नकली जीएसटी नोटिस कथित रूप से लोगों को भेजे जा रहे हैं। यह गंभीर अपराध है एवं सरकार के लिए खुली चुनौती है। इसमें कुछ बिल्डर, बैंकर और सीए भी शामिल हो सकते हैं, यह जांच का विषय है। इसमें जांच और कार्रवाई में देरी हो रही है। घोटालेबाजों को मदद पहुंचाने के लिए ऑफिस के सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूत नष्ट किए जा सकते हैं। ऐसे नोटिसों के माध्यम से सैकड़ों लोगों को धोखा दिया जा रहा है, इनकी आवाज उठाने और सरकारी विभागों में संदिग्ध आचरण के कारण शिकायतकर्ता की जान को भी खतरा है। पुलिस के लिए यह आवश्यक है कि वह इस पर ध्यान दे और शिकायतकर्ता को सुरक्षा प्रदान करे। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।